Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to take steps to lay new railway line from New Delhi to Lal Ganj in Uttar Pradesh.

श्रीमती नीलम सोनकर (लालगंज): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। मैं लालगंज लोक सभा, जिला आजमगढ़ से चुन कर आई हूं। मेरा क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ है। बहुत लोग यहां से शिक्षा एवं रोजगार के लिए बाहर जाते हैं।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से बनारस से लालगंज, आजमगढ़, मुबारकपुर, दोहरीघाट होते हुए गोरखपुर के लिए नई रेलवे लाइन की मांग करती हूं। यह हमारे क्षेत्र के विकास के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसका सर्वे हो चुका है, कार्य योजना तैयार हो चुकी है।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी को हृदय से धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्होंने पूर्वांचल एक्सप्रेस का शिलान्यास करके पूर्वांचल को बहुत बड़ी सौगात दी है। उनसे विनम्र प्रार्थना है कि नई रेलवे लाइन की घोषणा करके पुन: आजमगढ़ सहित पूरे पूर्वांचल को सौगात दें। हम सदैव उनका आभारी रहेंगे। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, को श्रीमती नीलम सोनकर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप माननीय सदस्य को बोलने दीजिए। ये पहली बार चुनकर आए हैं।

…(व्यवधान)